दिन– मंगलवार | दिनांक– 10/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण आज से। सुपौल और मधेपुरा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02 लोकसभा में आज अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

03. केन्द्र सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए दो बुकिंग के बीच का अंतर बढ़ाकर पच्चीस दिन किया।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज प्रदेश के सीतामढ़ी, शिवहर, बेगूसराय और नवादा सहित कई जिलों में बारिश और वज्रपात की आशंका।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। श्री कुमार सुपौल और मधेपुरा जिले से दौरे की शुरूआत करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुपौल में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम निर्मली अनुमंडल कार्यालय में होना है।

———साउंड बाइट———

मधेपुरा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि मुख्यमंत्री जिले में कई योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार का जनसंवाद का भी कार्यक्रम है।

———साउंड बाईस———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान मधेपुरा के पुलिस लाइन परिसर में निर्मित प्रशासनिक और आवासीय भवनों का रिमोट के माध्यम से उद्‌घाटन तथा शिलान्यास करेंगे। इस दौरान उमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहेंगे। श्री कुमार इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का बीएन मंडल विश्वविद्यालय में बैठक और जनसंवाद का कार्यक्रम है। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति, योजनाओं के क्रियान्वयन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। आकाशवाणी समचार के लिए मधेपुरा से मनीष कुमार वत्स।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अपनी समृद्धि यात्रा के इस चरण में दस जिलों में विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। यह यात्रा चौदह मार्च तक चलेगी।

———————————————————

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए होने वाले चुनाव की रणनीति बनाने के लिए आज पटना में महागठबंधन के विधायकों की बैठक बुलाई गई है। बैठक में राजद, कांग्रेस, इंडिया इंक्लूसिव पार्टी और वाम दल के सभी विधायक शामिल होंगे। इसके अलावा एआईएमआईएम और बसपा विधायक को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव करेंगे।

———————————————————

इधर, चुनाव को लेकर एआईएमआईएम की ओर से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा से सम्पर्क किया गया है। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय प्रवक्ता आदिल हसन ने बताया कि पार्टी प्रमुख असद्दुदीन ओवैसी की ओर से चुनाव में समर्थन देने के लिए विधायकों को इंतजार करने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————

गौरतलब है कि बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के लिए छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन कल किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया, जिसके चलते मतदान की स्थिति बन गई है। मतदान सोलह मार्च को होगा और उसी दिन मतों की गिनती भी होगी। एक उम्मीदवार को जीत के लिए कम से कम इकतालीस विधायकों के प्रथम वरीयता वोट की आवश्यकता होगी। गौरतलब है कि एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर और शिवेश कुमार उम्मीदवार हैं। वहीं, राजद ने अमरेन्द्रधारी सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

———————————————————

लोकसभा में आज अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। यह प्रस्ताव कांग्रेस के तीन सदस्यों मोहम्मद जावेद, के. सुरेश और मल्लु रवि द्वारा पेश किया जाएगा। यदि प्रस्ताव लोकसभा में पारित हो जाता है तो श्री बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, बल्कि सदस्यों के बीच बैठेंगे। पश्चिम एशिया पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण कल अध्यक्ष को हटाने का प्रस्ताव नहीं लिया गया। इस बीच, केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि विपक्ष की नीति सदन में चर्चा करने की नहीं है। वे सदन को बाधि करना चाहता है।

———साउंड बाईट———

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि हड़ताल से वापस नहीं लौटने वाले अंचलाधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई होगी। श्री सिन्हा ने कहा कि यदि कर्मचारी नहीं माने तो अस्थाई तौर पर नई नियुक्ति की जायेगी।

———बाइट———

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल चुनाव में जीत के लिए राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रबी लामिछाने और आरएसपी के वरिष्ठ नेता बालेन्द्र शाह को बधाई दी है। टेलीफोन पर हुई बातचीत में प्रधानमंत्री ने आगामी नई सरकार के लिए

शुभकामनाएं दीं और दोनों देशों की आपसी समृद्धि, प्रगति और कल्याण के लिए साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

——————————————————————

केन्द्र सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने और अतिरिक्त उत्पादन को घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। यह कदम ईंधन आपूर्ति में मौजूदा भू–राजनीतिक तनाव के कारण बाधा और एलपीजी आपूर्ति पर लगी पाबंदियों के मद्देनजर उठाया गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए सिलेंडर की दो बुकिंग के बीच का अंतर बढ़ाकर पच्चीस दिन कर दिया गया है।

——————————————————————

मत्स्य और पशु संसाधन मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने कहा है कि प्रदेश में सुधा डेयरी बूथों के माध्यम से बकरी के दूध की बिक्री की जायेगी। श्री मेहता ने कहा कि इसकी शुरूआत पटना से होगी। इसके बाद भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा और पूर्णियां में भी सुधा के बूथों पर बकरी के दूध की बिक्री की व्यवस्था शुरू की जायेगी। मंत्री ने कहा कि बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार गरीब परिवारों को नब्बे प्रतिशत तक अनुदान दे रही है।

——————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज राज्य के पूर्वी भागों सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, बेगूसराय, लखीसराय, नवादा सहित कई जिलों के एक या दो स्थानों में मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है।

———साउंड बाइट———

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि कैमूर जिले में आज सुबह से ही कुहासे की स्थिति बनी हुई है। वहीं, राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाये हुये हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल तक बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी।

——————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र औद्योगिक परिसर में आज से तीन दिवसीय उद्यमी मेले की शुरूआत हो रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार इस मेले का उद्‍घाटन करेंगे। मेले का आयोजन केन्द्रीय सूक्ष्य, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के उत्पादों के प्रचार–प्रसार के उद्‍देश्य से किया जा रहा है।

——————————————————————

पटना के गांधी मैदान में बारह से पन्द्रह मार्च तक राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकी मेला का आयोजन किया जायेगा। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि चार दिवसीय इस मेले में किसानों को नई तकनीकों और आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी जायेगी। साथ ही प्रदेश के सभी कृषि महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को भी आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी के लिए इस मेले का भ्रमण कराया जायेगा। एग्रो बिहार की ओर से आयोजित मेले में कृषि यत्रों की प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए ने नीट यूजी परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। इससे पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि आठ मार्च निर्धारित थी। एनटीए से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी अब कल रात नौ बजे तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा तीन मई को आयोजित होगी।

———————————————————————

पूर्व विधायक और समता पार्टी के संस्थापक सदस्य सतीश कुमार का कल पटना में निधन हो गया। वे सत्तर वर्ष के थे। उनके निधन पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, राजद प्रमुख लालू प्रसाद सहित कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है।

———————————————————————

रोहतास की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में सजा सुनाते हुए सात सगे भाईयों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायालय ने सभी दोषियों पर बीस–बसी हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। इधर, मधुबनी जिले की स्थानीय अदालत ने पंडोल थाना क्षेत्र में करीब चार वर्ष पहले एक व्यक्ति की हत्या मामले में दोषी को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। न्यायालय ने दस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————

अरवल जिले के पारसी थाना क्षेत्र के कामता मठिया मोड़ के पास जांच अभियान के दौरान पुलिस ने सत्तर लीटर देशी शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————————

भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने लंबित पेंशन और भूमि विवाद समेत अन्य मुद्दों से संबंधित 30 आवेदनों पर जन सुनवाई की। वहीं जिलाधिकारी ने सैनडिस् मैदान के ओपन थिएटर में तीन दिवसीय मंजूषा महोत्सव का का शुभारंभ किया।

———————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित पुरूष सीनियर एक दिवसीय प्रतियोगिता के क्वार्टरफाईनल मुकाबले में बेगूसराय ने भागलपुर को छह विकेट से हराकर सेमीफाईनल में प्रवेश किया है। प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टरफाईनल मुकाबला आज भोजपुर और कटिहार के बीच खेला जायेगा।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– दुनिया की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाई। अखबार लिखता है– मध्य–पूर्व में संघर्ष के चलते तेल के दाम तीस प्रतिशत तक उछले, बाजारों में बड़े नुकसान के संकेत।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– दुनिय में तेज संकट, पाकिस्तान–बांग्लादेश हांफने लगे, भारत बोला... यहां कमी नहीं।

प्रभात खबर ने यूपीएससी रिजल्ट से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– आरा नहीं, यूपी के गाजीपुर की आकांक्षा को मिला है तीन सौ एकवां रेंक।

दैनिक जागरण लिखता है– राजधानी में जल्द शुरू होगी अल्ट्रा पाड्स सेवा।

आज अखबार का शीर्षक है– पटना, खगड़िया, बेगूसराय सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण आज से। सुपौल और मधेपुरा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02 लोकसभा में आज अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

03. केन्द्र सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए दो बुकिंग के बीच का अंतर बढ़ाकर पच्चीस दिन किया।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज प्रदेश के सीतामढ़ी, शिवहर, बेगूसराय और नवादा सहित कई जिलों में बारिश और वज्रपात की आशंका।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।